प्रेस विज्ञप्ति
16/11/2021

आज श्री गुरु नानक देव जी के स्मृति में एक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के नेतृत्व में गुरुद्वारा जटाशंकर गोरखपुर के द्वारा किया गया। महात्मा नानक जी (अवतरण दिवस 15/04/1469 ब्रह्लिन 22/09/2021) दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, कवि, देशभक्त और विश्वबन्धु सभी के गुण समेटे हुए थें। ब्लड बैंक प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल ने गुरु नानक जी के प्रति अपने श्रद्धा शुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रधांजली अर्पित की। गुरुद्वारा जटाशंकर गोरखपुर के अध्यक्ष श्री यशपाल सिहं जी ने गुरु नानकदेव जी के प्रकाशपर्व पर उनके जीवन परिचय से आमजनमानस को अवगत कराया रक्तदान - महादान अथवा जीवनदान एक सुक्ति केवल बोलने अथवा सुनने के लिए नही है अपितु आत्मसात् करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर श्री जगनयन सिहं ने भी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया एवं आवश्यक सुझाव दिए। ब्लड बैंक अधिकारी डा0 ममता जायसवाल ने बताया की रक्तदान के अनेक लाभ हैं जैसेः- वजन पर नियंत्रण, रक्तचाप का नियंत्रण, हृदयाघात से बचाव, मोटापा तथा मश्तिष्क रोग जैसे गंभीर बिमारियों से बचाव। एक रक्तदाता द्वारा दिया रक्त चार प्राणियों की रक्षा करता है। ब्लड बैंक परिचारिका श्रीमती शोभा राय ने आगे रक्तदाताओं से अपिल की कि हर तीन माह बाद आप रक्तदान करें तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

इस शिविर में 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जनमानस ने इसमें बढ - चढ कर हिस्सा लिया। रक्तदान वाहन के आडियो एवं विडीयो के कारण आस - पास के क्षेत्र के लोग भी वहां पर उपस्थित हुए तथा कुछ ने रक्तदान में हिस्सा लिया। अंत में ब्लड बैंक प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं तथा उपस्थित समूह के प्रति आभार व्यक्त किया।